# प्रतिवेदन

**कार्य का नाम** :– जनपद देहरादून में राज्य योजना वर्ष 2011–2012 के अन्तर्गत विधानसभा विकासनगर के ग्राम हरीपूर से मुख्य मार्ग जू0हा0ई0 स्कूल की ओर सडक का निर्माण।

(लम्बाई– 0.435 किमी0)

उपरोक्त सडक मार्ग के निर्माण हेतु उत्तराखण्ड शासन देहरादून के शासनादेश संख्या 5109(1)/III(2)/11 11(एम0एल0ए0)/2011 दिनॉक 15/11/2011 के द्वारा जनपद देहरादून में राज्य योजना वर्ष 2011–2012 के अन्तर्गत विधानसभा विकासनगर के ग्राम हरीपूर से मुख्य मार्ग जू0हा0ई0 स्कूल की ओर सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य हेतु 0.825 किमी0 लम्बाई की स्वीकृति प्राप्त है लेकिन 0.390 किमी0 मार्ग का निर्माण पूर्व में किया जा चुका है अतः अब मार्ग की वास्तविक लम्बाई 0.435 किमी0 आती है इसलिये यह प्रस्ताव 0.435 किमी0 लम्बाई में तैयार किया गया है। यह मार्ग विधानसभा क्षेत्र विकासनगर के ग्राम हरीपूर से जू0हा0ई0 स्कूल तक प्रस्तावित है। इस मार्ग के बनने से स्कूल जाने वाले छात्र–छात्राओं एवं ग्रामीणों को यातायात का लाभ मिलेगा। तथा इस मार्ग के निर्माण से स्कूल तक पहुंचने की सुविधा मिलेगी। प्रस्तावित भूमि की स्थिति निम्न प्रकार है –

| | | |
|---|---|---|
| 1 – आरक्षित वन भूमि | – | 0.1134है0 |
| 2 – वन पंचायत भूमि | – | 0.0000है0 |
| 3 – सिविल सोयम वन भूमि | – | 0.0000है0 |
| 4 – नाप भूमि | – | 0.0432है0 |
| योग | – | 0.1566 है0 |

भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव 0.435 कि0मी0 लम्बाई में जिसमें नाप भूमि 3.60 मीटर चौड़ाई में तथा आरक्षित वन भूमि 3.60 मी0 चौड़ाई में ली गई है। इस मार्ग में आरक्षित वन भूमि 0.1134 है0 कुल 0.1134 है0 वन भूमि का लोक निर्माण विभाग उत्तराखण्ड़ सरकार हेतु भूमि हस्तान्तरण किये जाने के लिए प्रस्ताव गठित किया गया है। उक्त प्रस्तावित भूमि न्यूनतम है। इसके अतिरिक्त जो अन्य वैकल्पिक समरेखंण देखा गया उसमें नाप एवं आरक्षित वन भूमि अधिक आने के कारण समरेखंण–1 में औपचारिक कार्यवाही हेतु संयुक्त निरीक्षण किया गया, आख्या संलग्न है।

उक्त सडक मार्ग के निर्माण से ग्राम हरीपूर की जनसंख्या लाभान्वित होगी तथा ज0हा0ई0 स्कूल हरीपूर सडक मार्ग से जुड़ जायेगा।

सर्वेक्षण के आधार पर उक्त मार्ग का समरेखण इस प्रकार से निर्धारित किया गया है कि उक्त ज0हा0ई0 स्कूल हरीपूर सडक मार्ग से जुड जायेगा एंव मानक के अनुरूप न्यूनतम वन भूमि उपयोग में लाई जायेगी, जिससे कम वृक्ष एंव फसलें प्रभावित होगी। सडक मार्ग का 0.435 कि0मी0 लम्बाई में आरक्षित वन भूमि की 3.60 मी0 चौडाई में वृक्षों की गणना की गई। जिससे कम से कम वृक्षों का पातन होगा।

जनपद देहरादून में राज्य योजना वर्ष 2011–2012 के अन्तर्गत विधानसभा विकासनगर के ग्राम हरीपूर से मुख्य मार्ग जू0हा0ई0 स्कूल की ओर सडक का निर्माण हेतु 0.1134 है0 आरक्षित वन भूमि लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरण के सम्बन्ध में वन भूमि प्रस्ताव गठित कर विधिवत् स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| कनिष्ठ अभियन्ता | सहायक अभियन्ता | अधिशासी अभियन्ता |
| अ0ख0, लो0नि0वि0 | अ0ख0, लो0नि0वि0 | अ0ख0, लो0नि0वि0 |
| सहिया | सहिया | सहिया |

अधिशासी अभियन्ता
अस्थाई खण्ड लो0नि0वि0
सहिया, देहरादून